सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-379**
29/08/2017

पूर्व मुख्यमंत्री श्री जीतन राम मॉझी, विधायक श्री लक्ष्मेश्वर राय एवं विधायक श्री रामानंद प्रसाद सिंह ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री को चेक सौंपा

पटना 29 अगस्त, 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मिलकर पूर्व मुख्यमंत्री श्री जीतन राम मॉझी ने अपनी तरफ से एक लाख दस हजार रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सौंपा, साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री श्री जीतन राम मॉझी के नेतृत्व में हिन्दुस्तान अवाम मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने ''हम'' राज्य इकाई की तरफ से दो लाख दस हजार रूपये तथा ''हम'' राष्ट्रीय इकाई की तरफ से मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री को दो लाख रूपये का चेक सौंपा।

लौकहा विधायक श्री लक्ष्मेश्वर राय ने 50 हजार रूपये तथा परबत्ता विधायक श्री रामानंद प्रसाद सिंह ने एक लाख रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री को सौंपा।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान करने के लिये पूर्व मुख्यमंत्री श्री जीतन राम मॉझी, हिन्दुस्तान अवाम मोर्चा, लौकहा विधायक श्री लक्ष्मेश्वर राय एवं परबत्ता विधायक श्री रामानंद प्रसाद राय को धन्यवाद दिया तथा उनके इस सामाजिक पहल की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपदा के समय हम सबको अपनी संवेदनशीलता को प्रदर्शित करना चाहिये और पीड़ितों की सेवा में बढ़–चढ़कर हाथ बंटाना चाहिये।

******